

# नगर प्रशासन

## अध्याय-7
## (अभ्यास)

www.evidyarthi.in

**प्रश्न1. बच्चे यास्मीन खाला के घर पर क्यों गए?**

**उत्तर:** बच्चों के क्रिकेट खेलते समय गेंद से गली की ट्यूबलाइट टूट गई थी। बच्चे जानना चाहते थे कि इस ट्यूबलाइट को बदलवाने के लिए पैसे किसको देने होंगे। यास्मीन खाला पहले नगर निगम में नौकरी करती थी इसलिए बच्चों को लगता था कि उन्हें इस बात की जानकारी होगी।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न2. नगर निगम के कार्य शहर के निवासियों के जीवन को किस तरह प्रभावित करते हैं? ऐसे चार तरीकों के बारे में लिखिए।**

**उत्तर:** नगर निगम के कार्य शहर के निवासियों के जीवन को निम्नलिखित तरीकों से प्रभावित करते हैं

1.नगर निगम शहर में दवाखाने तथा अस्पताल चलाने का कार्य करता है जिससे लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त होती हैं।

www.evidyarthi.in

3. नगर निगम शहर में स्कूल खोलता है तथा उन्हें चलाने का काम करता है जिससे बच्चों को पढ़ाई की सुविधा प्राप्त होती है।
4. नगर निगम सड़कों तथा बाजारों की सफाई का काम करता है जिससे शहर में बीमारी नहीं फैलती।
5. नगर निगम पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराता है। इससे शहर के लोगों की पानी की आवश्यकताएँ पूरी होती है।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न3. नगर निगम पार्षद कौन होता है?**

**उत्तर:** शहर या नगर को कई वार्डों में बाँटा जाता है प्रत्येक वार्ड से जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि को पार्षद कहा जाता है।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 4. गंगाबाई ने क्या किया और क्यों?**

**उत्तर** गंगाबाई ने महिलाओं के एक समूह के साथ मिलकर मोहल्ले की सफाई नियमित रूप से न होने का विरोध किया। इसके लिए पहले वे मोहल्ले के पार्षद के पास गए। पार्षद ने सफाई अभियंता को साथ लेकर आयुक्त से मिलने की सलाह दी ।

www.evidyarthi.in

आयुक्त ने पर्याप्त संख्या में ट्रक उपलब्ध नहीं होने का बहाना बनाया तो गंगाबाई ने तपाक से प्रश्न किया कि आपके पास अमीर लोगों के मोहल्लों से कचरा उठाने के लिए तो पर्याप्त ट्रक हैं। गंगाबाई ने चेतावनी दी कि अगर दो दिन के अंदर काम नहीं हुआ तो बड़ी संख्या में महिलाएँ नगर निगम के सामने धरने पर बैठ जाएँगी।

# CLASS VI CHAPTER 7 नगर प्रशासन (NCERT)

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 5. चर्चा कीजिए :**

**ऊपर के दो चित्रों में आपने कूड़ा इकट्ठा करने एवं उसको ठिकाने लगाने की विभिन्न विधियों को देखा।**





www.evidyarthi.in

**(क) आपके विचार से कौन-सी विधि कूड़े का निपटारण करने वाले व्यक्ति के लिए सुरक्षित है?**

**उत्तर:** फोटो 2 की विधि कूड़े का निपटारण करने वाले व्यक्ति के लिए सुरक्षित है।



www.evidyarthi.in

**(ख) पहले चित्र में कूड़ा इकट्ठा करने को जो तरीका दिखाया गया है उसमें क्या-क्या जोखिम है?**

**उत्तर:** पहले चित्र में कूड़ा इकट्ठा करने का जो तरीका दिखाया गया है उसमें बहुत जोखिम है; जैसे

1.कूड़ा इकट्ठा करने वाले व्यक्ति के पास अपनी सुरक्षा के साधन नहीं है इसलिए ये लोग बीमार हो सकते हैं या घायल हो सकते हैं।

www.evidyarthi.in

2. कूड़ा खुले रूप से पड़ा रहता है जिससे गंदगी फैलती है और बीमारियाँ फैलने का खतरा रहता है।
3. गाय इत्यादि जानवर भी कूड़ा खाते रहते हैं जिससे वे भी बीमार हो सकते हैं।

www.evidyarthi.in

**(ग) आप क्या सोचती हैं कि जो लोग नगर निगमों में काम करते हैं उनके पास अपने कूड़े के निपटारण की व्यवस्थित सुविधाएँ क्यों नहीं हैं?**

**उत्तर:** नगर निगमों में काम करने वालों के पास अपने कूड़े के निपटारण की व्यवस्थित सुविधाएँ नहीं हैं। क्योंकि नगर निगमों में भ्रष्टाचार है जिस कारण से नगर निगमों में कूड़े निपटारण के लिए आधुनिक सुविधाएँ विकसित नहीं हो पाती हैं।

www.evidyarthi.in

**6. नगर निगम अपने काम के लिए धन कहाँ से प्राप्त करता है?**

**उत्तर: नगर निगम की आय के मुख्य स्रोत निम्नलिखित हैं**

1.जल कर, संपत्ति कर तथा अन्य सुविधाओं से प्राप्त कर से होने वाली आय से प्राप्त धन।

2.होटलों और दुकानों से कर के रूप में प्राप्त धन।

3.सिनेमा से प्राप्त मनोरंजन कर के रूप में मिलने वाला धन।